# ऑनलाइन पढ़ाई के लिए 30 हजार पंजीयन

## स्वयं पोर्टल पर पंजीयन कर रहे हैं प्रदेश के विद्यार्थी

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 23 जुलाई. उच्च शिक्षा में ऑनलाइन पढ़ाई और नए विषयों को सीखने के लिए मप्र के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्रों का उत्साह तेजी से बढ़ रहा है. जुलाई सेमेस्टर के लिए केंद्र सरकार के स्वयं पोर्टल पर प्रदेश भर से अब तक 30 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने अपना नामांकन करवा लिया है.**

उच्च शिक्षा विभाग के स्टेट डैशबोर्ड से जारी आंकड़ों के अनुसार कुल 30 हजार 437 विद्यार्थियों ने स्वयं पोर्टल के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अपना पंजीयन पूरा कर लिया है. इस सूची में प्रदेश के 900 से अधिक कॉलेज और विश्वविद्यालय शामिल हैं.

विद्यार्थियों के पंजीयन के मामले में सीहोर स्थित वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी सबसे आगे रही है. जहां सबसे ज्यादा 8 हजार 850 छात्रों ने एनरोलमेंट कराया है. वहीं सतना की एकेएस यूनिवर्सिटी 1 हजार 766 छात्रों के साथ दूसरे स्थान पर है. इंदौर की विक्रम यूनिवर्सिटी और मेडी-कैप्स यूनिवर्सिटी के साथ ही ग्वालियर की आईटीएम यूनिवर्सिटी में भी 1-1 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने स्वयं पोर्टल पर विषयों का चयन किया है. साथ ही इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों जैसे आईईटी और होल्कर साइंस कॉलेज समेत भोपाल की बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी और जबलपुर की रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने भी पोर्टल पर अपनी रुचि दिखाई है।

### कॉलेजों में बेहतर डिजिटल सामग्री मिलेगी

**भोपाल.** प्रदेश के सरकारी और निजी कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों को अब ऑनलाइन पढ़ाई के लिए बेहतर डिजिटल सामग्री मिलेगी. उच्च शिक्षा विभाग ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत दूरदराज के क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए यह पहल शुरू की है. इसके लिए प्रदेश के संभागीय मुख्यालयों में बनाए गए डिजिटल स्टूडियो में विभिन्न विषयों के ई कंटेंट की रिकॉर्डिंग की जाएगी. वहीं विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार सभी संबंधित शासकीय अनुदान प्राप्त और अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को आदेश दिए गए हैं कि वे अपने संस्थान में पदस्थ चयनित ई कंटेंट क्रिएटर शिक्षकों को समय पर कार्यमुक्त करें. इसके साथ ही विभाग ने स्पष्ट किया है कि चयनित शिक्षकों को अपने विषय से संबंधित पीपीटी तैयार करके तय तारीख पर निर्धारित स्टूडियो में प्रैक्टिस और रिकॉर्डिंग के लिए उपस्थित होना अनिवार्य होगा. यदि किसी विशेष कारण से किसी शिक्षक को कार्यमुक्त नहीं किया जाता है तो कॉलेज प्राचार्य को इसका ठोस कारण बताते हुए उच्च शिक्षा विभाग को सूचित करना होगा. विभाग के अनुसार इस कदम से कॉलेज के छात्रों को घर बैठे मोबाइल और कंप्यूटर के माध्यम से अपने पाठ्यक्रम की पढ़ाई करने में आसानी होगी.

## ईंटखेड़ीछाप गांव में लगाई चौपाल

**भोपाल.** हुजूर तहसील के ग्राम इटखेड़ीछाप में बुधवार शाम चौपाल आयोजित की गई. इस चौपाल में 8 आवेदक पहुंचे.सबसे ज्यादा आवेदन बारिश के दौरान बदहाल रास्तों की समस्या के पहुंचे. चौपाल मे सुनवाई एडीएम सुमित पांडे और तहसीलदार कुणाल रावत ने की. एडीएम सुमित पांडे ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्राप्त शिकायतों का परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर उनका निराकरण कराया जाएगा. तहसीलदार कुनाल राउत ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है.



### सीएम से मिले नए मुख्य सचिव

**भोपाल.** मध्यप्रदेश के नए मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की.



### बड़े तालाब में जलकुंभी

**भोपाल.** बैरागढ़ रोड पर बड़े तालाब में जलकुंभी फैली हुई है. इससे पानी गंदा हो रहा है. इस तरफ जिम्मेदारों का ध्यान नहीं जा रहा.

# गर्भवती महिलाओं को दी स्वास्थ्य संबंधी सलाह

## परिवार में शांत माहौल और सकारात्मक सोच रहना जरूरी

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 23 जुलाई. पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक चिकित्सालय में गर्भ संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया. लायंस क्लब भोपाल संस्कार और लायंस क्लब भोपाल सर्वोदय के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार, मानसिक स्वास्थ्य और पारिवारिक सहयोग के महत्व की जानकारी दी गई.**




कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाना था. आयोजकों के अनुसार, गायत्री परिवार की संध्या जैन ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान महिला का शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना जरूरी है. उन्होंने परिवार में शांत माहौल, नशामुक्त वातावरण और सकारात्मक सोच बनाए रखने पर भी जोर दिया.

उनका कहना था कि गर्भवती महिला को तनाव से दूर रखना और परिवार का सहयोग मिलना मां और शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है. चिकित्सालय के स्त्री रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. बासंती गुरु और डॉ. दीक्षा सक्सेना ने बताया कि अस्पताल में हर महीने इस तरह का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाता है. इसमें गर्भवती महिलाओं को पोषण, नियमित जांच और सुरक्षित मातृत्व से जुड़ी जानकारी दी जाती है. कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को पौष्टिक आहार से संबंधित जानकारी दी गई. साथ ही फल और मिष्ठान का वितरण भी किया गया.

# संतनगर में अतिक्रमण से परेशान हैं लोग

## पूज्य सिंधी पंचायत ने सौंपा ज्ञापन, नगर निगम से शीघ्र कार्रवाई की मांग

संतनगर प्रतिनिधि

**संत नगर, 23 जुलाई. उपनगर की प्रमुख सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर पूज्य सिंधी पंचायत ने नगर निगम से शीघ्र कार्रवाई की मांग उठाई है.**



पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम जोन कार्यालय पहुंचकर एमआईसी सदस्य एवं पार्षद राजेश हिंगोरानी, पार्षद अशोक मारण, जोनल अधिकारी नीरज राय सहित निगम अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में कहा गया कि फ्लाईओवर निर्माण के चलते सड़कें पहले ही संकरी हो गई हैं, वहीं ठेला व्यवसायियों के अतिक्रमण से यातायात प्रभावित हो रहा है. पंजाब नेशनल बैंक रोड, चंचल रोड, आरा मशीन रोड और इलाहाबाद बैंक रोड पर भी लोगों को रोजाना जाम और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है. पंचायत ने चेतावनी दी कि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो किसी भी समय दुर्घटना हो सकती है. प्रतिनिधिमंडल में राज कुमार वाधवानी, ओमप्रकाश रीझवानी, भरत आसवानी, गुलाब जेठानी, हरीश मेहरचंदानी, जेठानंद मंगलानी, राकेश शेवानी, किशोर साधवानी, माधव पारदासानी और पुरुषोत्तम हरचंदानी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे.

# पदोन्नति में सीपीसीटी की अनिवार्यता खत्म की जाए

## कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 23 जुलाई. राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ के निवर्तमान अध्यक्ष एवं संरक्षक शील प्रताप सिंह पुंडीर प्रांतीय अध्यक्ष व्यास मुनि चौबे, कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ.देवीसिंह सनोडिया के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों ने लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के अपर सचिव केवीएस चौधरी को ज्ञापन सौंपा.**

मुलाकात के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि पदोन्नति में सीपीसीटी की बाध्यता समाप्त की जाए.क्योंकि चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों को रिक्त सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदोन्नति के लिए अग्रिम रूप से सीपीसीटी उत्तीर्ण के बाद पदोन्नति देने की बात की गई,जो अवैधानिक है. ज्ञापन में पात्रता के आधार पर पदोन्नति आदेश जारी करने की मांग का ज्ञापन सौंपा है. नगर निगम में चतुर्थ श्रेणी से सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदोन्नति कर्मचारियों को सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण की बाध्यता से मुक्त रखा गया है. उसी तरह लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में पदोन्नति की जाने के लिए ज्ञापन दिया.

## सीपीसीटी नियमों के विरुद्ध पदोन्नति निरस्त करने आदेश जारी

**भोपाल.** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सहायक ग्रेड-3 के पद पर दी गई पदोन्नति को लेकर विवाद खड़ा हो गया है. विश्वविद्यालय द्वारा 10 जुलाई को जारी पदोन्नति आदेश को निरस्त करने तथा संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायत की गई थी. शिकायत के आधार पर सामान्य प्रशासन के अवर सचिव रवि मालवीय ने सामान्य प्रशासन के अपर मुख्य सचिव और सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलसचिव को पदोन्नति निरस्त कर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने संबधी पत्र जारी किया है.

# पुलिस कमिश्नर से मिला क्रिश्चियन समाज

## डबल मर्डर के खुलासे पर पुलिस का सराहा



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 जुलाई. ऐशबाग इलाके में डबल मर्डर मामले का खुलासा करने पर क्रिश्चियन समाज ने भोपाल पुलिस की सराहना की. गुरुवार को क्रिश्चियन समाज के फादर अनिल मार्टिन और समाज ने पुलिस कमिश्नर संजय कुमार से मुलाकात की.**

इस मौके पर संजय कुमार को पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया. पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की तारीफ फादर अनिल मार्टिन ने की. मार्टिन ने इस मौके पर कहा कि मृतक दंपति क्रिश्चियन समाज से जुड़े थे. करीब एक माह पूर्व उनके ही घर में घुसकर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी, जिससे पूरे समाज में शोक और भय का माहौल बना था. उन्होंने कहा कि भोपाल पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लगातार जांच की और आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे हत्याकांड का खुलासा किया.

# साइबर सुरक्षा के लिए छात्रों ने पेश किए नवाचारी समाधान

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 23 जुलाई. रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में रायसेन पुलिस और एआईसी-आरएनटीयू फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सेफ क्लिक हैकाथॉन 2.0 का सफल आयोजन किया गया.**

साइबर सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने और डिजिटल अपराधों की रोकथाम के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में भोपाल और इंदौर के 12 शैक्षणिक संस्थानों की 28 टीमों ने भाग लेकर अपने तकनीकी हुनर का प्रदर्शन किया. विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि डिजिटल दौर में साइबर सुरक्षा केवल एक तकनीकी विषय नहीं, बल्कि हर नागरिक की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है. विद्यार्थियों ने साइबर चुनौतियों से निपटने के लिए एक से बढ़कर एक तकनीक आधारित मॉडल प्रस्तुत किए. रायसेन के पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, एसडीओपी रायसेन शीला सुराना, एमपी स्टार्टअप सेंटर की एग्जीक्यूटिव हेड डॉ. आभा ऋषि, मार्केटिंग हेड अरुणाभ दुबे, आरएनटीयू के प्रति-कुलपति प्रो. संजीव गुप्ता, सहायक कुलसचिव समीर चौधरी, एआईसी-आरएनटीयू फाउंडेशन के सीईओ रोनाल्ड फर्नांडिस और विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी उपस्थित रहे.

## अफसरों के यहां पदस्थ कर्मचारियों को वापस बुलाने की मांग

**भोपाल.** अर्ध शासकीय अधिकारी-कर्मचारी सार्वजनिक उपक्रम संघ के प्रदेशाध्यक्ष अरुण वर्मा ने हाउसिंग बोर्ड के पूर्व अधिकारियों एवं पूर्व मंत्री के निवास पर कार्यरत कर्मचारियों को तत्काल वापस बुलाने की मांग की है. उन्होंने कहा है कि मांग पूरी नहीं होने पर बोर्ड प्रशासन, पूर्व अधिकारियों और पूर्व मंत्री के खिलाफ धरना-प्रदर्शन एवं घेराव किया जाएगा. कर्मचारी नेताओं का कहना है कि हाउसिंग बोर्ड में लंबे समय से सीधी भर्ती नहीं हुई है और बड़ी संख्या में कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने से स्टाफ की कमी बनी हुई है. इसके बावजूद बोर्ड के कुछ कर्मचारी पूर्व अधिकारियों और पूर्व मंत्री के निवास पर कार्यरत हैं.

# नए हुजूर तहसील भवन का लोकार्पण

## 7 .44 करोड़ की लागत से हुआ है निर्माण

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 23 जुलाई. हुजूर विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को हुजूर तहसील के नवीन कार्यालय भवन का लोकार्पण विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया.**



नवीन तहसील कार्यालय भवन का निर्माण करीब 7 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से किया गया है. इसके निर्माण में करीब दो वर्ष से अधिक समय लग गया. हालांकि इसके निर्माण पूरा करने का समय फरवरी माह था. जो चार महीने बाद पूरा हो सका है. इस नए कार्यालय में एसडीएम और तहसील कार्यालय एक ही परिसर में संचालित होंगे.

इस अवसर पर एडीएम सुमित कुमार पांडेय (आईएएस) एवं अपर कलेक्टर महेंद्र सिंह कवचे, एसडीएम हूजूर विनोद सोनकिया, तहसीलदार कुनाल राउत, तहसीलदार अतुल शर्मा मौजूद रहे. हुजूर तहसील के एसडीएम विनोद सोनकिया ने बताया कि शुक्रवार से तहसील कार्यालय में कार्य शुरू हो जाएगा.

## अग्निवीर वायु और मेडिकल असिस्टेंट भर्ती आवेदन 26 जुलाई तक आमंत्रित

**भोपाल.** वायु सैनिक चयन केंद्र, भोपाल के अनुसार भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु और मेडिकल असिस्टेंट पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 26 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आधिकारिक वेबसाइट https://iafrecruitment.edcil.co.in पर कर सकते हैं.


### घोषणा/सार्वजनिक सूचना

मैं जूही रघुवंशी, पुत्री स्व श्री देवेंद्र सिंह रघुवंशी, निवासी-एम.आई.जी 156 कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल (म.प्र) । विवाह के पश्चात मेरा नाम (जूही गुप्ता) हो गया था परंतु आपसी मतभेदों के कारण अब मैंने मेरा नाम (जूही रघुवंशी) कर लिया है और मेरे समस्त दस्तवेज़ो में भी यही नाम दर्ज है। भविष्य में मुझे इसी नाम जूही रघुवंशी पुत्री स्व. श्री देवेंद्र सिंह रघुवंशी से जाना और पहचाना जाए।
मैं प्रमाणित करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गयी यह जानकारी / घोषणा पूर्णत: सत्य व सही है।
नया नाम : - जूही रघुवंशी
पुराना नाम :- जूही गुप्ता

### सरनेम परिवर्तन

मैं, सुमित कुशवाहा, पिता श्री फूल सिंह पटेल, निवासी 01 ग्राम चोपड़ा कलां, विदिशा रोड, तहसील- हुजुर, जिला- भोपाल, मध्य प्रदेश, यह घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना सरनेम सुमित कुशवाहा से बदलकर सुमित पटेल कर लिया है, भविष्य में मुझे सभी अभिलेखों एवं दस्तावेजों में केवल सुमित पटेल के नाम से ही जाना और पहचाना जायेगा।

### खोया-पाया

**मैं** अनुराधा पिता श्री बालकिशन मैं GNM NURSING की छात्रा हूँ. मेरी GNM NURSING की EN. No. 17190GNMJ141116 की तीनों वर्ष 2015-2017 की मार्कशीट गुम हो गई है. जिस किसी को मिले इस नंबर पर सूचित करे. 9084585757. **पता-** कस्बा शाही, तहसील मीरगंज जिला बरेली, पिनकोड -243505


**जनपद पंचायत** | 15वें वित्त आयोग की राशि हो गई वापस, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# राशि नहीं मिली तो इस्तीफे देंगे जनपद सदस्य

नवभारत न्यूज

**बैरसिया, 23 जुलाई. बैरसिया के जनपद सदस्यों ने गुरुवार को सामूहिक रूप से एसडीएम शिवांगी बघेल को ज्ञापन सौंपकर वर्ष 2025-26 की 15वें वित्त आयोग की राशि जारी कराने की मांग की.**



ज्ञापन में जनपद सदस्यों ने कहका कि ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए कार्ययोजनाएं तैयार की जा चुकी हैं, लेकिन 15वें वित्त आयोग की राशि प्राप्त नहीं होने के कारण विकास कार्य शुरू नहीं हो पा रहे हैं. जनपद सदस्यों ने राशि नहीं मिलने पर सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी दी.

इस दौरान जनपद सदस्य प्रतिनिधि घनश्याम शर्मा ने आरोप लगाया कि 25 जनपद सदस्यों के माध्यम से वितरित होने वाली करीब डेढ़ करोड़ रुपये की राशि जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) देवेश सराठे की लापरवाही के कारण वापस चली गई. उनका कहना है कि समय पर ऑडिट नहीं कराए जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई, जिससे ग्रामीण विकास कार्यों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है.

> जनपद सदस्यों ने प्रशासन से इस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा लंबित राशि उपलब्ध कराने की मांग की. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि राशि शीघ्र जारी नहीं की गई, तो बैरसिया जनपद पंचायत के सभी 25 जनपद सदस्य सामूहिक रूप से कलेक्टर के समक्ष अपने पद से इस्तीफा सौंप देंगे.

# खितवास गांव में घरों में घुसा पानी

- सड़क बनी लेकिन पानी के निकास की व्यवस्था नहीं
- ग्रामीणों ने कलेक्टर को दिखाया वीडियो

नवभारत न्यूज

**बैरसिया, 23 जुलाई. बैरसिया के खितवास गांव के दो दर्जन से अधिक लोग गुरुवार को जिला पंचायत सदस्य संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय मेहर के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे.**



ग्रामीणों ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को घरों में भरे पानी का वीडियो दिखाकर समस्या बताई. कलेक्टर ने तुरंत तहसीलदार को फोन लगाकर मौके की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए. जिला पंचायत सदस्य संघ के प्रदेश अध्यक्ष मेहर ने बताया कि पीडब्ल्यूडी को लगभग 6 करोड़ की लागत से खितवास आगे 4 किलोमीटर की पक्की सड़क निर्माण करना था लेकिन करीब ढाई किलोमीटर के बाद वन विभाग की भूमि आ गई. पीडब्ल्यूडी को वन विभाग की भूमि पर सड़क निर्माण की स्वीकृति नही मिली तो खितवास एव बागापुरा गांव में चार फीट ऊंची सड़क का निर्माण बगैर पानी निकासी की व्यवस्था कर पूरा पैसा निकाल लिया. बारिश में चार फीट ऊंची सड़क जल निकासी के अभाव में लोगों के लिए मुसीबत बन गई. ग्रामीणों के उनके घरों में घुटने घुटने पानी भर जाने से परेशानी हो रही है.